# ग्यारस तो आने दो | By Deepak Sawariya

सांवरिया से मिलने
हम खाटू जी जायेंगे
ग्यारस तो आने दो

भक्तों की देखो कतारें
आये निशान लेके सारे
रींगस से पैदल चलकर
आते हैं भक्त ये प्यारे
आया कोई दिल्ली से
कोई कलकत्ता से
कोई गुजरात से
ग्यारस तो आने दो .......

तेरे सिंगार का दर्शन
करते नसीबो वाले
आके तुम्हारे दर पे
पीते हैं भक्ति के प्याले
तुझे खीर चूरमे का
हम भोग लगाएंगे
इच्छा फल पाएंगे
ग्यारस तो आने दो .......

मांगे जो बाबा से मिलकर
देता वो भर भर झोली
करता मुरादें वो पूरी
आये जो आस ले अधूरी
जो मन में इच्छा हो
वो बात बता देना
इस दर क्या कहना
ग्यारस तो आने दो .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%b8-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-by-deepak-sawariya/